भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4012

दिनांक 12.08.2026 को उत्तर देने के लिए

अटल नवाचार मिशन

4012. डॉ. मन्ना लाल रावत:

क्या **योजना** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का देश के टियर-2, टियर-3 शहरों, आकांक्षी जिलों, जनजातीय, पहाड़ी और तटीय क्षेत्रों सहित सुविधाओं से वंचित/कम सुविधा वाले क्षेत्रों में प्रौद्योगिकी-संचालित नवाचार के लाभों को बढ़ावा देने के लिए अटल नवाचार मिशन (एआईएम) के तहत अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र (एसीआईसी) स्थापित करने का विचार है;

(ख) वर्तमान में राजस्थान में संचालित एसीआईसी की संख्या कितनी है;

(ग) नए एसीआईसी खोलने की प्रक्रिया और प्रावधान का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का राजस्थान के उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों में ऐसे केंद्र खोलने का विचार है; और

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री, संस्कृति मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, हां। सरकार का टियर-2, टियर-3 शहरों, आकांक्षी जिलों, जनजातीय पहाड़ी और तटीय क्षेत्रों सहित देश के विभिन्न प्रांतों में 50 एसीआईसी स्थापित करने का विचार है।

(ख) वर्तमान में एक एसीआईसी राजस्थान के विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर में परिचालन में है।

(ग) नए एसीआईसी खोलने की प्रक्रिया और प्रावधान सार्वजनिक रूप से https://aim.gov.in/acic.php पर उपलब्ध है।

(घ) और (ङ) अब तक की स्थिति के अनुसार 50 एसीआईसी का चयन पहले किया जा चुका है। राजस्थान के उदयपुर संभाग में नए एसीआईसी खोले जाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****